# भारतीय स्टेट बैंक

## केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
## केन्द्रीय  कार्यालय, मुम्बई

## भारतीय स्टेट बैंक में
## स्पेशालिस्ट कैडर  अधिकारियों  की भर्ती

**[ CRPD/SCO/2023-24/14 ]**

**[ ऑनलाईन परीक्षा - 02.02.2024 ]**

# "स्वयं जानकारी पुस्तिका"

## प्रस्तावना

यह पुस्तिका आपको भारतीय स्टेट बैंक में स्पेशालिस्ट कैडर अधिकारियों की भर्ती के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा की विस्तृत जानकारी देती है। इस पद का विज्ञापन बैंक के वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings में दिया गया था । विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2023-24/14 में निबंधन और शर्तें, परिवीक्षा की अवधि, परिलब्धियाँ आदि सूचित की जा चुकी हैं। आपको, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता, अनुभव आदि के अनुसार आपकी पात्रता है।

इसमें आप द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विवरण दिया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि परीक्षा में आपको किस प्रकार की प्रश्नावलियां दी जाएंगी। **वस्तुनिष्ठ परीक्षा के उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी।

## सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** कृपया बुलावा पत्र पर दिया गया आपका परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा तारीख, रिपोर्टिंग समय तथा परीक्षा केंद्र को कृपया ध्यानपूर्वक नोट कर लें।

2. **उपस्थिति में समय की पाबंदी :** उम्मीदवार रिपोर्टिंग समय से 15 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा का निर्धारित समय समाप्त होने तक और/या परीक्षा केंद्र प्रशासक द्वारा हॉल छोड़ने की अनुमति देने तक परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

3. **बुलावा पत्र जमा करना :** कृपया परीक्षा केन्द्र पर अपना बुलावा-पत्र, जिस पर पासपोर्ट आकार के आपके **नवीनतम** फोटो की एक प्रति निर्धारित स्थान पर अच्छे प्रकार से चिपकी हुई होनी चाहिए, फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी सहित अपने साथ अवश्य लायें। **फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी या बुलावा पत्र न लाने या बुलावा पत्र पर फोटो न लगाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।** आपको परीक्षा भवन में निरीक्षक के समक्ष, आपके बुलावा-पत्र पर और उपस्थिति पत्र पर अपना हस्ताक्षर करना होगा तथा अंगूठा निशान लगाना होगा। अंगूठा निशान लगाने हेतु आप अनिवार्यतः अपना स्टाम्प पैड लेकर आएं। परीक्षा पूरी होने पर आपको फोटो पहचान के साक्ष्य की फोटोप्रति के साथ अपना बुलावा पत्र जमा करना चाहिए।

4. **अनुदेशों का पालन करना :** जिस परीक्षा के लिये आपको बुलाया गया है उसकी सभी अवस्थाओं में आपको परीक्षा-प्रशासकों और पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का ठीक ठीक पालन करना होगा। यदि आप हिदायतों का उल्लघंन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जायेगा और आपको परीक्षा केद्र से बाहर जाने के लिये भी कहा जा सकता है।

5. **पुस्तकें, पर्चियाँ, गणक मशीन एवं सेल फोन का उपयोग :** अलग से या घडी के साथ बनी गणक मशीन, सेलफोन, पुस्तकें, स्लाईड रूलर्स, नोटबुक या लिखी हुई पर्चियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाने की अनुमति **नहीं** दी जाएगी।

6. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये।

7. **लेखन सामग्री का प्रयोग :** आप अपने साथ पेंसिले, बाल प्वाइंट पेन, रबड़, नीला इंक स्टाम्प पैड जैसी लेखन सामग्री अवश्य लाएं।

8. **कच्चा कार्य पुस्तिका पर करना :** आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागजों पर करें। **परीक्षा समाप्त होने के बाद आप अपने कच्चे कागज निरीक्षक को जमा करें।** यदि कोई उम्मीदवार इस सामग्री को वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकता है।

9. आपके हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर के समान ही होने चाहिए। यदि इनमें भिन्नता हुई तो आपको परीक्षा हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी। CAPITAL LETTERS में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

10. **PWD अभ्यर्थी जो स्क्राइब की सेवाओं के लिए पात्र हैं और उसका उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें बुलावा पत्र के साथ एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा। निदेश एवं स्क्राइब घोषणा पत्र बैंक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।**

11. दिनांक 10.08.2022 के OM - F. No. 29-6/2019-DD-III के अनुसार स्क्राइब का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब सुविधा की अनुमति ऑनलाइन परीक्षा के समय, उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I के अनुसार किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमित क्षमता है और वह स्क्राइब उसकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु आवश्यक है। ऐसे उम्मीदवारों को उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I और परिशिष्ट II के अनुसार निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**12. नकल करना/कदाचार/अनुचित व्यवहार :** यदि उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यों में लिप्त पाये गये ----

i) नकल करते हुए या नकल करने देते हुए;

ii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए;

iii) छद्म रूप धारण करते हुए या किसी व्यक्ति द्वारा छद्म रूप धारण करवाकर प्रस्तुत कराते हुए;

iv) परीक्षा केन्द्र पर दुर्व्यवहार करते हुए;

v) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुनः प्रस्तुत करना, ट्रांसमिट करना, स्टोर करना या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाना या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाना या परीक्षा सामग्री पर अनधिकृत कब्जा करना।

vi) अन्य किसी अनियमित या अनुचित साधनों का आश्रय लेते हुए;

vii) अन्य किसी रूप में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करते हुए।

तो वह उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित का भी पात्र होगा :-

(क) चयन प्रक्रिया के अयोग्य माना जाना

(ख) बैंक द्वारा ली जानेवाली किसी भी परीक्षा या चयन के लिए स्थायी रूप से/किसी अवधि विशेष के लिए रोका जाना।

उम्मीदवारों को गलत सूचना भरने/प्रस्तुत करने/सूचना में हेरफेर करने/गढ़ने या महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाने के विरुद्ध चेतावनी दी जाती है।

एकरूपता के पैटर्न का पता लगाने के लिए बैंक उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा। ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है।

13. यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा : परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे।

14. उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर परीक्षा स्थल पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और SBI किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

15. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इन्कार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो उम्मीदवारों को एक स्थान/लैब/कंप्यूटर (नोड) से दूसरे पर ले जाना और पुनः परीक्षा लेना शामिल होगा।

16. परीक्षा केंद्र के भीतर निम्न वस्तुएं को लाने की अनुमति नहीं हैं:

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर। कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि। अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर-पिन, हेयर-बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ-घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतल (केवल पारदर्शी बोतल लानी चाहिए)। ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके।

आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़-पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है।

**परीक्षा स्थल पर, अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो और IRIS स्कैन लेकर किया जाएगा (VI अभ्यर्थियों के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा)। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी।**

## IRIS स्कैन

परीक्षा स्थल पर IRIS स्कैन और फोटोग्राफ कैप्चर लिया जाएगा। कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा। आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।

**IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग/ सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :**

**(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।**

**(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।**

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

**VI अभ्यर्थियों** के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा। यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई हो) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए। (इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।) बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन अधिकारी का इसकी स्थिति (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) के बारे में निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगीः

| पद अनु.क्र. | पद के नाम | ग्रेड |
|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रबंधक (UI डेवलपर) | JMGS-I |
| 2 | सहायक प्रबंधक (बैकएंड डेवलपर) | JMGS-I |
| 5 | सहायक प्रबंधक (डाटा और रिपोर्टिंग) | JMGS-I |
| 6 | सहायक प्रबंधक (ऑटोमेशन अभियंता) | JMGS-I |
| 7 | सहायक प्रबंधक (मैनुअल SIT टेस्टर) | JMGS-I |
| 8 | सहायक प्रबंधक (ऑटोमेटेड SIT टेस्टर) | JMGS-I |
| 9 | सहायक प्रबंधक (UX डिजाइनर और VD) | JMGS-I |
| 10 | सहायक प्रबंधक (DevOps अभियंता) | JMGS-I |
| 11 | उप प्रबंधक (बिजनेस एनालिस्ट) | MMGS-II |
| 12 | उप प्रबंधक (सोलूशन आर्किटेक्ट) | MMGS-II |
| 13 | सहायक प्रबंधक (सॉफ्टवेअर डेवलपर) | JMGS-I |
| 14 | उप प्रबंधक (सॉफ्टवेअर डेवलपर) | MMGS-II |
| 15 | सहायक प्रबंधक (क्लाउड ऑपरेशन्स) | JMGS-I |
| 16 | सहायक प्रबंधक (कंटेनराइजेशन अभियंता) | JMGS-I |
| 17 | सहायक प्रबंधक (पब्लिक क्लाउड अभियंता) | JMGS-I |
| 21 | सहायक प्रबंधक (कुबेरनिटस एडमिनिस्ट्रेटर) | JMGS-I |
| 22 | सहायक प्रबंधक (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर लिनक्स) | JMGS-I |
| 24 | सहायक प्रबंधक (मिडलवेअर एडमिनिस्ट्रेटर वेबलॉजिक) | JMGS-I |
| 25 | सहायक प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर अभियंता) | JMGS-I |
| 26 | सहायक प्रबंधक (जावा डेवलपर) | JMGS-I |
| 27 | सहायक प्रबंधक (स्प्रिंग बूट डेवलपर) | JMGS-I |
| 28 | सहायक प्रबंधक (नेटवर्क अभियंता) | JMGS-I |
| 29 | उप प्रबंधक (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर लिनक्स) | MMGS-II |
| 30 | उप प्रबंधक (डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर) | MMGS-II |
| 31 | उप प्रबंधक (मिडलवेअर एडमिनिस्ट्रेटर वेबलॉजिक) | MMGS-II |
| 32 | उप प्रबंधक (विंडोज एडमिनिस्ट्रेटर) | MMGS-II |
| 33 | उप प्रबंधक (नेटवर्क अभियंता) | MMGS-II |
| 34 | उप प्रबंधक (डॉट नेट डेवलपर) | MMGS-II |
| 35 | उप प्रबंधक (जावा डेवलपर) | MMGS-II |
| 36 | उप प्रबंधक (सॉफ्टवेअर अभियंता) | MMGS-II |

## <u>ऑनलाइन लिखित परीक्षा :</u>

ऑनलाइन लिखित परीक्षा का नमुना:  कुल समय - 160 मिनट

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य अभियोग्यता * | तर्कशक्ति की प्रश्नावली | 50 | 50 * | 90 मिनट |
| | | संख्यात्मक अभियोग्यता | 35 | 35 * | |
| | | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35 * | |
| 2 | व्यावसायिक ज्ञान (PK) | सामान्य IT ज्ञान | 25 | 50 | 70 मिनट |
| | | कार्य संबंधित जानकारी ** | 50 | 100 | |

* ये परीक्षाएं प्रकृति में अर्हताकारी हैं और उनमें अंकों की गणना योग्यता निकालने के लिए नहीं की जाएगी।

** उस पद से संबंधित प्रश्न जिसके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है।

(क) व्यावसायिक ज्ञान के पेपर को छोड़कर, अन्य पेपर क्वालिफाइंग प्रकृति के होंगे। उम्मीदवारों को इन पेपरों में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने होंगे। बैंक के विवेक पर न्यूनतम योग्यता अंक तय किए जाएंगे या छूट दी जा सकती है। प्रश्न द्विभाषी होंगे यानी हिन्दी या अंग्रेजी में। उम्मीदवारों के पास हिन्दी या अंग्रेजी में प्रश्नों के उत्तर देने का विकल्प होगा। (अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर)

(ख) साक्षात्कार के लिए चयनित किए जाने के पात्र होने के लिए, उम्मीदवारों को अन्य परीक्षणों में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने के अलावा, व्यावसायिक ज्ञान (PK) परीक्षा के लिए बैंक द्वारा तय किए जाने वाले कट-ऑफ अंक के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त करने होंगे।

**गलत उत्तरों के लिए दंड :** वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा । सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे । यदि प्रश्न को छोड़ दिया गया हो, अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा ।

**साक्षात्कार :** ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर बैंक द्वारा यथा निर्णीत पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा । **साक्षात्कार 25 अंक का होगा । साक्षात्कार में अर्हकारी अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे ।**

**मेरिट सूची :** अंतिम मेरिट सूची व्यावसायिक ज्ञान परीक्षा (100 अंकों में से) और साक्षात्कार (25 अंकों में से) के अंकों को मिलाकर तैयार की जाएगी । लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का भारांक पैटर्न क्रमशः 70% और 30% होगा ।

### परीक्षा के लिए नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

## तर्कशक्ति की प्रश्नावली

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.3.** यदि 'A ” B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ’ B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ✞ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ’ $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ ” $S_2$) (3) ($S_1$ ” $S_2$ # 2)
(4) ($S_1$ ✞ $S_2$) # ($S_1$ ” $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

## संख्यात्मक अभियोग्यता

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

**Q.1.** Select from amongst the five alternatives, the word nearest in meaning to the word given in capitals.
ACCOMPLISHED
(1) Polished (2) Completed (3) Strong (4) Companion (5) attained

**Q.2.** Pick out the most appropriate phrase from amongst the phrases given below the sentence to complete is meaningfully.
eagerly ________ to this moment.
(1) look at (2) look down (3) look upon (4) look forward (5) look for

**Q.3.** Pick out the most appropriate pair of prepositions from amongst the prepositions given below the sentence to complete it meaningfully.
Reaching the top ________ the hill, she stopped ________ breath.
(1) of / to (2) upon / for (3) at /by (4) of / for (5) Other than those given as options

**Q.4.** Pick out the most appropriate verb from amongst the verb forms given below the sentence to complete it meaningly.
I will join you after I ________ the wound.”
(1) will dress (2) was dressing (3) would dress (4) had dressed (5) have dressed

**Q.5.** Which of the following will be the correct form of passive voice of "save them" ?
(1) They have been saved (2) They were saved (3) They will be saved
(4) They are saved (5) Other than those given as options

## व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे।

## ऑनलाईन परीक्षा के स्वरूप का विवरण

1. उम्मीदवार को एक लॉगिन स्क्रीन प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवार को अपनी यूज़र आइडी और पासवर्ड, जो कॉल लेटर पर उपलब्ध कराया गया है, का इस्तेमाल करते हुए लॉग इन करना होगा।
2. लॉग इन करने के बाद उम्मीदवार को प्रोफाइल (नाम, रोल नंबर, फोटोग्राफ इत्यादि) प्रदर्शित की जाएगी और उम्मीदवार को **'I confirm'** बटन पर क्लिक करके प्रोफाइल सही है की पुष्टि करनी है।
3. तत्पश्चात् स्क्रीन पर अनुदेश दिखाई पडेंगे।
4. उम्मीदवार को अनुदेश ध्यान से पढ़ लेने चाहिए और स्क्रीन के बॉटम में दिए गए बॉक्स में 'चेकिंग' (क्लिक) करके इन्हें पढ लिया गया निर्दिष्ट कर देना चाहिए, उसके बाद **'I am ready to begin'** बटन एक्टिवेट होगा।
5. **'I am ready to begin'** बटन पर क्लिक करने के बाद परीक्षा का **वास्तविक समय** आरंभ होगा।
6. ऑनलाइन परीक्षा में, वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली में 195 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प होंगे।
7. साधारण अंग्रेजी के प्रश्नों को छोड़कर शेष सभी प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे। दिए गए प्रश्न को दूसरी भाषा में देखने के लिए, उम्मीदवार **'view in'** ड्रॉप डाउन बॉक्स पर क्लिक करके इच्छित भाषा चुन सकता है।
8. एक समय में केवल एक प्रश्न दिखाई पडेगा।
9. वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के लिए कुल समय 160 मिनट का होगा। (प्रत्येक खण्ड के लिए अलग-अलग समय होगा)
10. PWD अभ्यर्थी प्रतिपूरक समय के लिए पात्र अभ्यर्थियों को हर 60 मिनट के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा।
11. प्रश्न का उत्तर देने के लिए उम्मीदवार को उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना होगा, जिसे वह उचित/सही समझता है। **जिस विकल्प को क्लिक किया जाएगा, वह हाईलाइट हो जाएगा, उसे उम्मीदवार द्वारा प्रश्न का दिया गया उत्तर समझा जाएगा।**
12. एक प्रश्न के लिए एक उत्तर चुन लेने के बाद उम्मीदवार को अपने उत्तर को सेव करने और अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'SAVE & NEXT'** बटन पर क्लिक करना चाहिए। **ध्यान रहें कि 'SAVE & NEXT' बटन पर क्लिक किए बिना प्रश्न के लिए चुना गया उत्तर सेव नहीं किया जाएगा।**
13. **ध्यान दें कि केवल उन प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा जिनके उत्तर सेव किये गए हैं।**
14. यदि कोई उम्मीदवार प्रश्न को हल नहीं करना चाहता है तो उसे उस प्रश्न के लिए किसी भी विकल्प पर क्लिक नहीं करना चाहिए। उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए **'CLEAR RESPONSE'** बटन पर क्लिक करके किसी प्रश्न विशेष के अपने उत्तर को चाहे तो डिसिलेक्ट कर सकता है।
15. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष को छोड़ना चाहता है लेकिन बाद में अपनी परीक्षा सबमिट करने से पूर्व छोड़े हुए प्रश्न को फिर से हल करना चाहता है या उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष के उत्तर पर 'क्लिक' (चयन) करता है लेकिन बाद में उसकी समीक्षा करना चाहता है, तो वह उपलब्ध कराए गए कागज पर प्रश्न संख्या नोट कर सकता है।

    ऐसी स्थिति में उम्मीदवार **'MARK FOR REVIEW & NEXT'** बटन पर भी क्लिक कर सकता है। यदि किसी प्रश्न विशेष के लिए एक उत्तर चुना गया है जिसे **'MARK FOR REVIEW & NEXT'** के रूप में मार्क किया गया है, तो मार्क किया गया उत्तर अंतिम मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।
16. **यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष प्रश्न को छोड़ना चाहता है और बाद में किसी विशेष अनुभाग में उस पर लौटना चाहता है, तो वह उस खंड के लिए निर्धारित समय के दौरान ऐसा कर सकता है।**
17. हल किए गए और छोड़ दिए गए प्रश्नों की संख्याएं भी स्क्रीन की दाईं ओर दिखाई जाएगी। उम्मीदवार यदि उनमें से किसी प्रश्न को हल करना या संशोधित करना चाहे तो उस प्रश्न विशेष को देखने के लिए उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कर सकता है।

18. **प्रत्येक अनुभाग की अलग टाइमिंग होती है। एक उम्मीदवार स्क्रीन के दाईं ओर प्रदर्शित प्रश्न संख्या पर क्लिक करके उस अनुभाग के लिए निर्धारित समय के दौरान एक अनुभाग के भीतर प्रश्नों के बीच नेविगेट कर सकता है।**

19. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है। यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।

20. **जब तक ऑनलाइन परीक्षा का पूरा समय सम्पन्न न हो जाए, तब तक उम्मीदवार को अपने उत्तर को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी।**

21. जब उम्मीदवार किसी प्रश्न पर क्लिक करेगा, तो उस प्रश्न को स्क्रीन पर दिखने में कुछ समय लगेगा। इस प्रक्रिया में लगने वाला समय परीक्षा के लिए दिए गए कुल समय में से काटा नहीं जाएगा।

22. **परीक्षा आरंभ होने के बाद किसी भी परीस्थिति में उम्मीदवार 'की बोर्ड की किसी भी कुंजी' पर क्लिक न करे क्योंकि इससे परीक्षा पर ताला लग जाएगा।**

## <u>उत्तर पत्र सबमिट करने के बारे में:</u>

1. उम्मीदवारों को परीक्षा का पूरा समय सम्पन्न होने से पहले अपने उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।
2. **उम्मीदवार किसी प्रश्न के लिए अपने उत्तर को केवल 'उस खण्ड के लिए निर्धारित समय में' ही बदल सकता है।**
3. परीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवार किसी भी प्रश्न को हल या चेक नहीं कर पाएंगे। उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा अपने आप सेव कर लिए जाएंगे भले ही उसने 'सबमिट' बटन न दबाया हो।

## <u>परीक्षा के लिए सामाजिक दूरी संबंधी अनुदेश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगीः**
   **(क) मास्क**
   **(ख) पानी की अपनी पारदर्शी बोतल (अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएं)**
   **(ग) अपना हैंड सैनिटाइझर (50 मिली.)**
   **(घ) एक सामान्य पेन**
   **(ङ) परीक्षा संबंधी दस्तावेज (परीक्षा का बुलावा पत्र और फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति स्टेपल हो और वही मूल ID कार्ड।) ID कार्ड तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।**
   **(च) स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**
   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।

3. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

4. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

5. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए।

# आपको शुभकामनाएं!